आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 16.09.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा– ए.आई. भारत की प्राचीन ज्ञान और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने का सशक्त माध्यम बन सकता है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तहसील स्तर पर जनता से वर्चुअल संवाद किया।
- रुद्रपुर में "ईट राइट इंडिया" अभियान के तहत करीब दो सौ आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।
- बागेश्वर में पी.सी.पी.एन.डीटी अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन।

लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– एआई को सदैव मानवता की सेवा करनी चाहिए और इसे मनुष्य पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई को आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ा जाना आवश्यक है, तभी यह समाज के लिए कल्याणकारी शक्ति बन सकता है। श्री बिरला, आज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भारत की नैतिकता और सत्य की मूलभूत शक्ति का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इन मूल्यों को विश्व स्तर पर साझा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई, भारत की प्राचीन ज्ञान और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने का सशक्त माध्यम बन सकता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास से प्रदेशभर की सभी तहसीलों में आयोजित तहसील दिवस कार्यक्रमों में वर्चुअल भाग लिया और जनता से संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तहसील दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच है और सरकार का लक्ष्य है कि हर शिकायत का तय समय में निस्तारण हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील दिवस पर आमजन की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो, ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला मुख्यालय, शासन न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी तहसील दिवस को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत जानकारी के आधार पर आयुष्मान, राशन कार्ड, स्थायी निवास, जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज बनाने वाले अपात्र लोगों को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के हक़ और संसाधनों की सुरक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में भूमि विवादों के निस्तारण के

लिए तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश दिए। जिसमें पुलिस विभाग, वन विभाग और सिंचाई विभाग आदि के अधिकारी भी सदस्य होंगे। उन्होंने कहा यह समिति सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए जिम्मेदार होगी। साथ ही निजी भूमि के विवाद का निस्तारण भी इस समिति द्वारा किया जाएगा।

ईपीएफओ कार्रवाई

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ के हल्द्वानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने समय पर अपना अंशदान जमा नहीं करने वाले कुमाऊँ मण्डल के नियोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आकाश वर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि संगठन ने अंशदान जमा करने में देरी करने वाले कुल 33 पंजीकृत व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 2 करोड़ रुपये का जुर्माना और एक करोड़ 32 लाख रुपये का ब्याज लगाया है, जो जल्द ही वसूल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विलम्ब से अंशदान जमा करने वाले 201 अन्य प्रतिष्ठान भी कारवाई के दायरे में हैं।

बारिश नुकसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज फोन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज देहरादून जिले के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की गति तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही स्थानीय नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और सरकारी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुँचा है, जिससे आमजन के जीवन पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने निर्देश दिए कि अवरुद्ध मार्गों को शीघ्र चालू किया जाए, सुरक्षित पेयजल व बिजली की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन व प्रशासन की टीम निरंतर फील्ड में सक्रिय है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ राहत, बचाव व पुनर्वास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। गौरतलब है कि तेज बारिश के कारण राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामान्य जन–जीवन प्रभावित हो गया है।

ईट राइट इंडिया

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में ''ईट राइट इंडिया'' अभियान के तहत करीब दो सौ आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में इन ट्रेनरों को खाद्य संवर्धन, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, मोटापा आदि की जानकारी दी

गई। औषधि प्रशासन के उपायुक्त गणेश चन्द्र कंडवाल ने कहा कि जिन लोगों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, वे अपने–अपने क्षेत्र में लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करेंगे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री रचना ने बताया कि फोर्टिफाइड राशन में पोषक तत्वों की मात्रा अच्छी होती है। इसको लेकर लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सौंपी गई है।

जागरूकता कार्यशाला

बागेश्वर में आज बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पी.सी.पी.एन.डीटी अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए पी.सी.पी.एन.डी.टी एक्ट, पॉक्सो एक्ट और घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 जैसे कानून बनाए गए हैं। प्रत्येक महिला को इनकी जानकारी होना जरूरी है।